प्रेस विज्ञप्ति

भाषा विश्विद्यालय के बायोटेक्नोलोजी विभाग में एक्सपिरिओम बायोटेक ने सिखाया बायोइंफॉर्मेटिक्स का उपयोग

भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो एन बी सिंह के मार्गदर्शन में सूचना एवं प्रौद्योगिकी संकाय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में दो दिन से चल रही बायोइंफॉर्मेटिक्स टूल्स की हैंड्स ऑन वर्कशॉप का आज समापन हुआ। इन दो दिनों में एक्सपिरिओम की साइंटिफिक ऑफिसर श्रीमती स्वाति वैश्य तथा सुश्री शिवानी सिंह ने बायोटेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों को बायोइंफॉर्मेटिक्स के कई टूल्स के विषय मे जानकारी दी। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सभी प्रोयोग स्वयं कंप्यूटर पर करके देखे और प्रयोग में आने वाली कठिनाइयों का समाधान प्राप्त किया।

यह वर्कशॉप विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन में बहुत उपयोगी सिद्ध हुई। वर्कशॉप का आयोजन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से श्रीमती निधि सोनकर तथा बायोटेक्नोलोजी विभाग से डॉ ममता शुक्ला ने किया। स्वागत भाषण अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के निदेशक प्रो एस के त्रिवेदी ने दिया तथा धन्यवाद डॉ मानवेन्द्र सिंह ने ज्ञापित किया।

एक्सपीरिओम बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ महेश कुमार बसंतानी ने विश्विद्यालय तथा फैकल्टी का धन्यवाद करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह दिए। इस अवसर पर एक्सपीरिओम की साइंटिस्ट सुश्री नूतन सिंह ने कंपनी के विषय मे बताया। इस वर्कशॉप में लगभग 80 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया और उन्हें सर्टिफिकेट भी प्रदान किये गए। वर्कशॉप में पूँछे गए प्रश्नों के उत्तर से प्रभावित हो कर एक्सपीरिओमे बायोटेक ने विद्यार्थियों को अपने संस्थान में इंटर्नशिप तथा रोजगार देने की इच्छा भी व्यक्त की। कार्यशाला में डॉ आर के त्रिपाठी, डॉ नदीम अंसारी, निधि द्विवेदी इत्यादि मौजूद रहे।

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय